सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 25 अगस्त, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनके उपदेश हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि यह पर्व सभी के जीवन में प्रेम, शांति और सद्भावना का संचार करेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाएं, और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। राज्यपाल ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर देश एवं प्रदेश में शांति, सौहार्द और समृद्धि की कामना की है।

............0..........